वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 अंक-3 सांगवाड़ा, शनिवार, 17 सितम्बर, 2022 भाषा : हिन्दी ई-पेपर अवधि: (वार्षिक) मूल्य-10 रु. पृष्ठ-1

उपप्रधान की शिकायत के बाद जयपुर से सागवाडा पहुंचा जांच दल

पंचायत समिति के बंद कमरे में चल रही जांच, शिकायत के बाद से अटका हुआ है सामग्री मद का भुगतान

सागवाडा। डूंगरपुर जिले की सागवाडा पंचायत समिति के उप प्रधान की शिकायत के बाद ग्रामीण विकास एव पंचायतीराज विभाग के आदेश पर चार सदस्यीय जांच दल सागवाड़ा पहुँच गया है। जांच दल पिछले तीन दिनों से पंचायत समिति भवन के बंद कमरे में रिकार्ड की जांच पड़ताल में लगा है। इधर, जांच दल ने मीडिया से दूरी बना रखी है । मामले के अनुसार कुछ दिन पूर्व सागवाड़ा पंचायत समिति के उप प्रधान नरेश पाटीदार ने मनरेगा योजना में सामग्री मद के निविदा में तय दर से अधिक दर पर सामग्री खरीदने के आरोप के साथ सड़कों व चेकडैम के घटिया निर्माण को लेकर भी अब पंचायत समिति के अधिकारियों पर आरोप लगाए थे। वही इस पूरे मामले को लेकर उप प्रधान ने जयपुर में पंचायतीराज मंत्री रमेश मीणा से शिकायत की थी । इधर शिकायत के बाद विभाग के आदेश पर चार सदस्यीय जांच दल डूंगरपुर की सागवाडा पंचायत समिति में आया हुआ है। जांच टीम ने जिन जिन पंचायत की शिकायत हुई है वहाँ से पंचायतो का रिकॉर्ड सागवाड़ा पंचायत समिति में मंगवाया है । पंचायत समिति में एकाउंटेंट अशोक जैन के चेम्बर में जांच दल सदस्य रिकॉर्ड की जांच कर रहे है। हालाकि जांच टीम मीडिया से दूरी बनाए हुए है जांच के सम्बन्ध में कोई भी जानकारी देने से टीम मना कर रही है।

मैटेरियल सप्लाई का भुगतान अटका

पंचायतीराज विभाग सागवाडा में भ्रष्टाचार को लेकर उप प्रधान ने मोर्चा खोल रखा है। इसी के चलते सागवाडा पंचायत समिति की पंचायतों में नरेगा में मैटेरियल सप्लाई का भुगतान अटका हुआ है। मटेरियल सप्लाई के अटके भुगतान को लेकर सरपंच सहित कई जनप्रतिनिधि पंचायत राज मंत्री तक भुगतान की माँग कर चुके हैं लेकिन उपप्रधान की शिकायत के बाद हो रही जाँच के परिणाम आने के बाद ही भुगतान होने की संभावना जताई जा रही है।

मॉडल स्कूल में आज होगा बैंड कॉम्पिटिशन

सागवाड़ा। राजकीय मॉडल स्कूल में शनिवार को क्लस्टर स्तरीय बैंड कॉम्पटीशन होगा। प्रधानाचार्य सुरेशचंद्र गामोठ ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह विधायक रामप्रसाद डेन्डोर के मुख्य आतिथ्य, कांग्रेस जिला महामंत्री भरत भट्ट की अध्यक्षता व पंचायत समिति सदस्य सुरेश कटारा व राजेंद्र कटारा के विशिष्ट आतिथ्य में सुबह 10 बजे आयोजित होगा वही दोपहर 1 बजे प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा के मुख्य आतिथ्य, सरपंच प्रकाश डेन्डोर की अध्यक्षता व समाजसेवी तिलकनन्दिनी शाह के विशिष्ट आतिथ्य में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ होगा।

शिक्षक का आदिवासी महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी का वीडियो 3 साल बाद वायरल

आदिवासी महिलाओं ने जताया आक्रोश, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर की शिक्षक के निलंबन व गिरफ्तारी की मांग

डूंगरपुर। जिले के एक शिक्षक भंवरलाल परमार द्वारा आदिवासी महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी का वीडियो 3 साल बाद वायरल हो रहा है। इधर वीडियो के वायरल होने के बाद आदिवासी महिलाओं में शिक्षक के प्रति आक्रोश व्याप्त है। आक्रोशित महिलाओं ने शिक्षक के खिलाफ सडक पर उतरकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। वही आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार करने और उसे निलंबित करने की मांग की है।

मामले के अनुसार तीन साल पहले विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त 2019 के दिन आयोजित एक कार्यक्रम में सरकारी शिक्षक भंवरलाल परमार ने आदिवासी महिलाओं पर उनके द्वारा किये जाने व्रत त्यौहार पर अप्पतिजनक टिप्पणी की थी। तीन साले बना वीडियो अब वायरल हो रहा है। इधर वीडियो वायरल होने के बाद आदिवासी महिलाओं में आक्रोश व्याप्त है। वीडियो से आक्रोशित आदिवासी समाज की महिलाये आज शहर के नया महादेव मंदिर परिसर में एकत्रित हुई। इसके बाद ये महिलाए शिक्षक भंवरलाल परमार के खिलाफ नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पर पहुंची। इस दौरान उपजिला प्रमुख सुरता परमार के नेतृत्व में हंसा देवी कोटवाल निवासी बिछीवाड़ा, नर्मदा देवी देवल, रेखा कलासुआ जालुकुआ समेत कई महिलाओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने बताया की भंवरलाल परमार सरकारी शिक्षक रहते हुए आदिवासी महिलाओं ओर स्कूल में पढ़ने वाली लड़कियों के खिलाफ गलत बाते बोल रहा है। जिससे आदिवासी महिलाओं का अपमान हुआ है। भंवरलाल ने आदिवासी समाज में बरसो से चले आ रहे मनसा वाचा व्रत कथा को लेकर भी गलत बयानबाजी की। महिलाए ही नही पुरुष भी कई पीढ़ियों से ये व्रत करती आ रही है, लेकिन भंवरलाल ने व्रत को लेकर गुमराह करने का प्रयास किया।

जिससे उनकी आस्था को गहरी ठेस लगी है। महिलाओं ने कहा की जो शिक्षक गलत बाते बोलता हो वह स्कूलों में कैसे अच्छी शिक्षा दे सकता है। भंवरलाल के आपत्तिजनक बयानों के वीडियो भी वायरल हुए है। महिलाओं ने शिक्षक भंवरलाल को तुरंत सस्पेंड करने की मांग की। वही उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की है।

उपरगांव से 191 गरीब परिवारों के लोग अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुचे

डूंगरपुर । जिले की दोवड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत उपरगांव से 191 गरीब परिवारों के लोग आज अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुचे ओर प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से लोगो ने कलेक्टर को अवगत कराया कि उपरगांव ग्राम पंचायत के फला भागेला तथा उन्दरडा से प्रधानमंत्री आवास की अपील सूची में 225 नाम दर्ज थे लेकिन बीपीएल सूची में शामिल नही होने के कारण 291 परिवारों का नाम आवास की सूची से हटा दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आवास की सूची से काटे गए नाम वाले सभी परिवार आर्थिक स्थिति से कमजोर है और सभी के मकान कच्चे और कवेलूपॉश मकान है।

इनमें से कुछ परिवारों के मकान 2019 की बारिश में ढह गए वहीं ज्यादातर मकान जर्जर स्थिति में है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि इन परिवारों को बीपीएल सूची में जोड़ते हुए प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए।

चाकू, भाले से युवक पर जानलेवा हमला, 35 हजार रुपए लूटे, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

डूंगरपुर। दोवड़ा थाना क्षेत्र के बादी घांटी में एक युवक पर चाकू और भाले से जानलेवा हमले की वारदात हुई। हमलावर उसे अधमरा छोड़ भाग गए और उससे 35 हजार रुपए भी लूट लिए। गंभीर घायल युवक अस्पताल में भर्ती है, जिसका इलाज चल रहा है।

दोवड़ा थाना क्षेत्र के बादी घाटी निवासी कांतिलाल पुत्र अमरा परमार ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया की कल गुरुवार शाम के समय दोवड़ा होटल से घर की तरफ जा रहा था। रागेला में हुरमा के घर के पास पहुंचा की रास्ते में हीरालाल पुत्र रूपसी मिला। वह बीमार होने से उसे बाइक पर बैठाकर ले गया। हीरालाल को उसके घर के आंगन में उतारा। उसी समय मोतीलाल पुत्र रूपसी परमार मीणा, गणेश पुत्र मोतीलाल परमार मीणा, मणी पत्नी मोतीलाल और दीपिका पत्नी धूलेश्वर परमार निवासी बादी घाटी वहा हमलावर होकर आए। आरोपी मोतीलाल ने उसे जान से मारने की नियत से भाले से वार किया, जिससे भाला सिर के साइड से निकल गया। गणेश ने चाकू से उस पर हमला किया को उसके दाहिने हाथपर लगा। दूसरे हमलावरों ने लातो मुक्को ओर पत्थरों से मारपीट की। जिससे वह लहूलुहान हो गया। उसे अधमरा हालत में छोड़ दिया। वही हमलावर उसके पास से 35 हजार रुपए भी लूटकर भाग गए। गंभीर हालत में उसके चिल्लाने पर परिवार के दूसरे लोग आ गए, जिससे सभी हमलावर भाग गए।

इसके बाद उसे गंभीर घायल हालत में डूंगरपुर अस्पताल लाकर भर्ती करवाया। जहा उसका इलाज चल रहा है। घायल कांतिलाल परमार ने ये भी बताया की उसका बेटा बीमार होने से उसने ये पैसे रणछोड़ पुत्र कलजी मनात निवासी वीरपुर मेवाड़ा से उधार में लिए थे।

लंपी वायरस से निपटने में सहयोग के लिए 25 हजार 500 रुपये की सहायता

सुथार समाज डूंगरपुर जिला कारपेंटर क्लब की पहल

सागवाडा । लंपी वायरस से पीड़ित होकर काल का ग्रास बन रही गौमाता के लिए डूंगरपुर जिले के सुथार समाज ने पहल की है। डूंगरपुर जिला कारपेंटर क्लब ने लंपी वायरस से निपटने में सहयोग के लिए 25 हजार 500 रुपये की सहायता राशि का चेक जिला कलेक्टर को सौपा। कारपेंटर क्लब के सदस्य आज कलेक्ट्री पहुचे ओर जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव को सहायता राशि का चेक सौपते हुए जिले में लंपी वायरस से पीड़ित पशुओं के इलाज में तेजी लाने की भी मांग की। सदस्य जितेंद्र सुथार ने बताया कि डूंगरपुर जिले में लंपी वायरस का टीकाकरण शुरू हो चुका है लेकिन फिर भी महामारी के आगे पशुपालन विभाग के प्रयास नाकाफी लग रहे है। इधर जिला कलेक्टर इन्द्रजीत ने कारपेंटर क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि लंपी वायरस के टीकाकरण के काम मे तेजी लाई जाएगी।

महालक्ष्मी यात्रा का डूंगरपुर में स्वागत

डूंगरपुर। हरियाणा के अग्रोहा में 550 करोड़ की लागत से महालक्ष्मी जी का मंदिर निर्माण प्रस्तावित है। मंदिर निर्माण में सहयोग के लिए राजस्थान के भीलवाड़ा से शुरू हुई महालक्ष्मी यात्रा आज डूंगरपुर पहुची। तीजवड चौराहे से यात्रा के डूंगरपुर शहर की सीमा में प्रवेश पर पूर्व सभापति केके गुप्ता सहित भक्तजनों ने यात्रा का स्वागत किया और महालक्ष्मी माता की आरती उतारी।

इसके बाद यात्रा नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, तहसील चौराहा, कलेक्ट्री ओर गांधी आश्रम होते हुए उदयपुर जिले की ओर रवाना हुई। शहर से गुजरने के दौरान मार्ग में जगह-जगह विभिन्न समाजों ओर संस्थाओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया वही महालक्ष्मी माता के जयकारे लगाए। रथयात्रा में भक्ति गीतों पर भक्तजन झूमते भी दिखाई दिए। भीलवाड़ा से शुरू हुई यात्रा चित्तौड़, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा ओर डूंगरपुर होते हुए आज उदयपुर जिले में प्रवेश करेगी।

शशि थरूर अशोक गहलोत के सामने लड़ेंगे कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव !

नई दिल्ली। शशि थरूर कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ेंगे! अशोक गहलोत के सामने चुनाव लड़ेंगे. राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार थरूर की हार पक्की है, लेकिन पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए थरूर चुनाव लड़ेंगे. पिछले दिनों थरूर ने खुद गहलोत से भी मुलाकात की थी. शायद थरूर ने उन्हें अपने फैसले की जानकारी दी होगी. इस प्रकार अब कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव दिलचस्प हुआ और अब चुनावी प्रक्रिया के बाद 19 अक्टूबर को ही कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिलेगा. इसी बीच सोनिया और प्रियंका 20 सितंबर को केरल जा सकतीं हैं. गहलोत भी दोनों के साथ केरल जा सकते है. वहां यह सभी लोग राहुल के साथ भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेंगे.

'विपक्ष तोड़ो यात्रा' में तब्दील हो रही कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा'?

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस के सियासी आधार को दोबारा से मजबूत करने के लिए राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा पर निकले हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे विपक्षी एकता के दावे तार-तार हो रहे हैं। कांग्रेस ने टीएमसी, सीपीएम और आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि कांग्रेस को कमजोर करने की कीमत पर विपक्षी एकता नहीं हो सकती। ऐसे में सवाल उठता है कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा कहीं विपक्ष तोड़ो यात्रा में तब्दली न हो जाए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश साफ तौर पर कह चुके हैं कि भारत जोड़ो यात्रा विपक्षी एकता के लिए यात्रा नहीं है। भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए एक यात्रा है। एक मजबूत कांग्रेस के बिना, विपक्षी एकता की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जो भी राजनीतिक दल कांग्रेस के साथ गठबंधन करना चाहते है, उसे यह नहीं सोचना चाहिए कि कांग्रेस से सब कुछ ले लूं और कांग्रेस को कुछ नहीं दूं। अब तक हर कोई कांग्रेस को कमजोर करने की कोशिश करता रहा है। जयराम रमेश ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा के उभार के लिए जहां ममता बनर्जी की टीएमसी जिम्मेदार है, वहां

केरल में सीपीएम और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जयराम रमेश का यह बयान सीपीएम की उस टिप्पणी के बाद आया है, जिसमें लेफ्ट पार्टी ने कहा था कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के तहत केरल में ज्यादा दिन बिता रहे हैं, जबकि उन्हें यूपी में ज्यादा दिन बिताना चाहिए। सीपीएम ने ट्वीट कर कहा था, भारत जोड़ो है या सीट जोड़ो? केरल में 18 दिन और यूपी में 2 दिन। भाजपा-आरएसएस से लड़ने का यह निराला तरीका। केरल में कांग्रेस और लेफ्ट एक दूसरे के खिलाफ हैं। राहुल गांधी केरल से सांसद हैं और भारत जोड़ो यात्रा के तहत इन दिनों वो केरल में पदयात्रा कर रहे हैं, जिसे लेकर सीपीएम चिंतित दिख रही है। यही वजह है कि कांग्रेस और लेफ्ट के बीच जुबानी जंग तेज हो गई हैं। बता दें कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब देश में कुछ विपक्षी पार्टियां भाजपा के खिलाफ 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए विपक्ष को एकजुट करने की मुहिम में जुटी हुई हैं। तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनसीपी चीफ शरद पवार तक विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। नीतीश कुमार कई दिनों तक दिल्ली में डेरा डालकर एक दर्जन से ज्यादा विपक्षी दलों के नेताओं से मिलकर भरपूर कोशिश करके यह कहकर पटना लौटे हैं कि सोनिया गांधी के विदेश से लौटने पर फिर से दिल्ली मुलाकात करने आएंगे। वहीं, ममता बनर्जी का एजेंडा साफ है कि 2024 में नीतीश कुमार, हेमंत सोरेन और अखिलेश यादव जैसे क्षत्रपों को साथ मिलकर मोर्चा बनाएंगे, लेकिन कांग्रेस और लेफ्ट को साथ नहीं रखने का संदेश दे रही हैं। ऐसे केसीआर भी ऐसे ही 2024 के लिए विपक्षी एकता का तानाबाना बुन रहे हैं। कांग्रेस यह बात अच्छे से समझ रही है कि 2024 के चुनाव में उसके बिना भाजपा को चुनौती नहीं दी सकती है। इस बात का संकेत कांग्रेस ही नहीं बल्कि जेडीयू भी दे चुकी है। जेडीयू के महासचिव केसी त्यागी ने पिछले दिनो कहा था कि बिना कांग्रेस और वामदल के भाजपा के खिलाफ मजबूत लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती है। विपक्षी पार्टियों को आपसी मतभेद मिटाकर एक साथ आना होगा।

ग्यारसी देवी को मिला चिरंजीवी योजना का सहारा, पाँव की चोट का हुआ निःशुल्क उपचार

जयपुर। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना आमजन के लिए राहत बनकर आई है। अस्पतालों में निःशुल्क उपचार पाकर लोग बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रहे हैं। राजगढ़, चुरू निवासी ग्यारसी देवी को भी योजना का सहारा मिला है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ विजय सिंह फौजदार ने बताया कि 53 वर्षीया ग्यारसी देवी किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं। खेती किसानी से जैसे तैसे घर का खर्च चलता है। एक दिन खेत पर जाते समय वे ऊंटगाड़ी से गिरकर चोटिल हो गई। परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुँचे। उनके दाएं पाँव की हड्डी टूट गई थी और तुरंत उपचार की दरकार थी। कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते परिवार महंगे उपचार करवाने में सक्षम नहीं था। ऐसे समय परिचित की सलाह पर परिजनों ने ग्यारसी देवी को जयपुर स्थित चिरायु अस्पताल में भर्ती करवा दिया, जोकि चिरंजीवी योजना में सम्बद्ध अस्पताल है। अस्पताल में जाँच इत्यादि के बाद तय हुआ कि ग्यारसी के पाँव का ऑपरेशन के जरिए उपचार होगा।गत 20 अगस्त को अस्पताल के चिकित्सकों ने शल्य चिकित्सा द्वारा उनके पाँव का ऑपरेशन कर प्लेट डाल दी गई। ऑपरेशन के बाद ग्यारसी देवी को तकलीफ से मुक्ति मिल गई। गत 28 अगस्त को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक से सामने आ रही ग्रामीण खेल प्रतिभाएं : गहलोत

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक एक शानदार पहल है। ग्रामीण ओलम्पिक में सभी आयुवर्ग, सम्प्रदायों तथा राजनीतिक पृष्ठभूमि के लोग हिस्सा ले रहे हैं तथा खेलों में साथ-साथ समाज में आपसी भाईचारे का वातावरण भी तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण ओलम्पिक में लगभग 30 लाख खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा 2 लाख से ऊपर टीमें बनी। इसमें 10 लाख महिला खिलाड़ी भी शामिल थी। उन्होंने कहा कि इन खेलों का आयोजन हर साल होगा तथा अगली बार और बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग लेंगे। मुख्यमंत्री शुक्रवार को भीलवाड़ा जिले के माण्डलगढ़ ब्लॉक के बीगोद गांव में राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के तहत आयोजित प्रतिस्पर्द्धाओं का अवलोकन कर रहे थे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि राज्य में अच्छे खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं हैं। उन्हें अवसर

देने व उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को तराशने की आवश्यकता है। इसी क्रम में ग्रामीण ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल व खिलाड़ियों के हित में प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। अन्तर्राष्ट्रीय पदक लाने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि बढ़ाकर 3 करोड़ तक कर दी गई है। सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों हेतु 2 प्रतिशत पद आरक्षित कर दिए गए है। 229 खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न नियुक्तियां दी गई है।गहलोत ने कहा कि खेलों में भाग लेने से प्रतिभागियों में जीतने की इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता तथा आपसी भाईचारे का विकास होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा जल्द से जल्द दिया जाना चाहिए। राज्य के पास सीमित जल संसाधन है। चम्बल एक मात्र सालभर बहने वाली नदी हैं। राज्य के 13 जिलों में सिंचाई व पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ईआरसीपी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री जी स्वयं अपनी सभाओं में ईआरसीपी को नेशनल प्रोजेक्ट का दर्जा देने की बात कह चुके हैं। उनके द्वारा ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की जा रही देरी से पचपदरा रिफाईनरी की तरह इसकी लागत कई गुना बढ़ने की संभावना है। इससे राज्य के संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्दल् ही प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के 1.33 करोड़ परिवारों की महिला मुखियाओं को निःशुल्क स्मार्टफोन दिए जाएंगे। इसके साथ 3 साल के लिए मुफ्त इंटरनेट सेवाएं भी दी जाएगी। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार की इस पहल से प्रदेश की महिलाओं एवं बच्चों को डिजिटल युग से जोड़ा जा सकेगा। वे निःशुल्क स्मार्टफोन एवं इंटरनेट से विभिन्न क्षेत्रों का ज्ञान हासिल कर सकेंगे तथा सरकारी योजनाओं के बारे में सभी प्रकार की जानकारी घर बैठे ले सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश के विकास के लिए सामाजिक समरसता का होना आवश्यक है। अशांति व उपद्रव के बीच प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को सामाजिक समरसता व आपसी भाईचारे के लिए देश के नाम अपील करनी चाहिए। गहलोत ने कहा कि देश के विभिन्न भागों में आज लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकारें अस्थिरता का सामना कर रही है। लोकतंत्र को बचाने के लिए इस प्रवृति पर रोक लगनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार देना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। वर्तमान कार्यकाल में 1.29 लाख पदों पर भर्तियां की जा चुकी है। लगभग इतने ही पदों पर भर्ती का कार्य प्रक्रियाधीन है।